गर्भ संस्कार आयुर्वेद जीवन की प्रतिकूलता और भौतिकता के समक्ष एक दिव्य शस्त्र : स्वामी रामदेव

पतंजलि योगपीठ में गर्भ संस्कार ''संतति सृजनम्'' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

- माता-पिता और गुरुजन हमारी गति को अधिक गतिवान बनाते हैं : आचार्य बालकृष्ण
- आज आयुर्वेद को विज्ञान मानकर डाटा एकत्रित करने की आवश्यकता है : डॉ. कल्पना शर्मा
- ऐसी कार्यशालाएं जीवन को समग्रता से जीने की सकारात्मक दृष्टि प्रदान करती हैं : गिरीश केजे

स्वामी रामदेव ने पतंजलि योगपीठ में आयोजित कार्यशाला ''संतति सृजनम्'' में विशिष्ट अतिथि डॉ. कल्पना शर्मा को 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया।

हरिद्वार। पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज एवं हॉस्पिटल, पतंजलि अनुसंधान और पतंजलि विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में गर्भ संस्कार आधारित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला ''संतति सृजनम्'' का आयोजन पतंजलि विश्वविद्यालय के सभागार में हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन स्वामी रामदेव और आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण ने किया। उन्होंने विशिष्ट अतिथि डॉ. (प्रो.) कल्पना शर्मा को उनके आयुर्वेद के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वामी रामदेव ने कहा कि भारत भूमि गौरवशाली आदर्श माताओं से सुसमृद्ध है, इनमें जीजाबाई, पुतलीबाई, मदालसा, सीता ऐसी माताएँ रही हैं जिन्होंने सुसंस्कारित सन्तान को आकार दिया, आज भारत भूमि को ऐसी ही संततियों की आवश्यकता है। एक माँ विपरीत परिस्थितियों में भी अपने अथक प्रयासों से सुसंस्कारित नागरिकों का सृजन करती है। आचार्य बालकृष्ण ने मातृत्व की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि वेदों और ठांथों में सोलह संस्कारों का वर्णन किया गया है जिनमें तीन संस्कार गर्भाधान, पुंसवन और सीमंतोन्नयन जन्म से पूर्व के है, उनका संयोजन भावी शिशु के माता-पिता द्वारा गर्भ की रक्षा-भावना से किया जाता है। यदि एक माँ स्वस्थ है तो ही वह स्वस्थ बालक को जन्म दे सकती है। भावी माता को अपने शिशु को कुपोषण से बचाने के लिए संतुलित भोजन, योग, ध्यान एवं चिंतन-मनन पर ध्यान देना आवश्यक है। पतंजलि जड़ी-बूटी अनुसंधान की प्रमुख डॉ. वेदिप्रया आर्या ने वर्तमान में स्त्रियों में बढ रही पीसीओडी (पालीसिस्टिक ओवरी डिसिज) के कारण सामान्य प्रजनन चक्र अवरुद्ध होने पर चिंतन प्रस्तुत किया।

विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. (प्रो.) कल्पना शर्मा ने कहा कि आयुर्वेद का प्रमुख उद्देश्य स्वास्थ्य को बनाए रखना, बीमारी की रोकथाम और इलाज करना है। आयुर्वेद वह संजीवनी है जो जीवन को आध्यात्मिक दृष्टि से अलौकिक शक्ति प्रदान करती है। पुरुष बीज-स्त्री बीज के तथ्यों में यह प्रकृति का सृजनम करते हैं जिससे सभ्यता का निर्माण होता है। आयुर्वेदिक सिद्धांत वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ अपार संभावनाओं पर आधारित बताया। एक व्यापक दृष्टिकोण में प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान दोनों का मिश्रण स्वस्थ जीवन की समठाता में वृद्धि करता है।

समारोह को संबोधित करते हुए आयुर्वेद कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल गिरीश केजे ने विभिन्न आयुर्वेदिक कॉलेजों द्वारा इस क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुमन सिंह एवं डॉ. ठोसी सोकिया ने किया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रिंसिपल, आयुर्वेद कॉलेज, हरिद्वार के डॉक्टर अनिल कुमार ने कहा कि ऐसी व्याख्यानमालाएँ जीवन को समठाता से जीने की नवीन दृष्टि प्रदान करती है। इस अवसर पर पतंजलि अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

संक्षिप्त

सी.एल.गोठवाल को पितृशोक

फुलेरा, (निसं)। फुलेरा क्षेत्र के वरिष्ठ संवाददाता सी.एल.गोठवाल के पिताजी बाबूलाल गोठवाल का मंगलवार की रात को असामयिक निधन हो गया। गौरतलब है कि स्वर्गीय बाबूलाल स्पेशल लोको पायलट के पद से सेवानिवृत्त हो चुके थे। वे एक पुत्र, एक पुत्री, दो पौत्री व एक पौत्र सहित भरापूरा परिवार छोडकर गये है। गोठवाल के असामयिक निधन पर कस्बे के मीडिया जगत से जुडे पत्रकारबन्धु कमलेश शर्मा, विनोद यादव, संजय शर्मा, सत्यनारायण कुमावत, दामोदर कुमावत, राजकुमार देवाल, हेमन्त शर्मा, राजेन्द्र प्रजापति, कानाराम प्रजापति, दामोदर प्रजापति, योगेन्द्र गहलोत सहित क्षेत्र के समाजसेवी एवं शिक्षाविद् शक्ति सिंह, भंवर लाल कुमावत, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मनोज आहूजा, दैनिक रेल यात्री संघ के अध्यक्ष अशोक वासदेव, जनप्रतिनिधियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

बाबूलाल गोठवाल

परिंडे लगाने का अभियान जारी

कोटपूतली, (निसं)। सामाजिक कार्यकता रतनलाल शर्मा द्वारा पक्षियों के लिए परिंडे लगाने के अभियान के तहत गुरूवार को एस.डी.एम कार्यालय में एस.डी.एम बृजेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में 11 परिंडे लगाये गये। इस दौरान एड. लक्ष्मीकांत शर्मा, एड. चंद्रशेखर, एड. श्याम सुंदर, कैलाश चंद गुर्जर, परमानंद, पूरणमल, रोशन सैनी, हंसराज बिदाणी, डॉ. संदीप सिंह शेखावत समेत अन्य मौजूद रहे।

कुंए में गिरी नीलगाय को सुरक्षित निकाला

टोंक, (निसं)। पीपलू उपखंड के ग्राम नानेर में एक किसान ने कुएं में नील गाय को पडे हुए देखा। जिस पर किसान ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग सोहेला नाकें पर दी। सूचना पाकर नाका प्रभारी मुकेश चौधरी वनरक्षक आशीष चौधरी मौके पर पहुंचे। नाका प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया की गुरुवार दोपहर नानेर से सूचना मिली की एक नीलगाय कुंए में गिर गई जहां मौके पर पहुंच ग्रामीणों के सहयोग से जेसीबी, ट्रैक्टर की मदद से काफी मशक्कत के बाद 2 घंटे में नीलगाय को सुरक्षित बाहर निकाल कर जंगल में छोडा।

भगवान परशुराम की निकलेगी शोभायात्रा

सांभरझील, (निसं)। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष में ब्राह्मण समाज की धर्मशाला से सांय 4:15 बजे धूमधाम के साथ शोभायात्रा नगर के प्रमुख रास्तों से होते हुए निकलेगी। ब्राह्मण समाज संस्था एवं धार्मिक आयोजन समिति की तरफ से इस मौके पर इससे पहले प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां, भाषण, प्रश्नोत्तरी व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।

महाराणा प्रताप की जयंती मनाई

फुलेरा, (निसं)। गणगौरी बाजार स्थित रामद्वारा भवन परिसर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 487 वीं जयंती भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रणव अग्रवाल की अध्यक्षता में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास से मनाई।

भाजपा मण्डल के मीडिया प्रभारी राजकुमार देवाल ने जानकारी देते बताया कि कार्यक्रम में सर्वप्रथम महाराणा प्रताप के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रणव अग्रवाल ने महाराणा प्रताप के शौर्य और बलिदान को याद करते हुए नई पीढी को उनसे प्रेरणा लेने का आव्हान किया। राणा प्रताप की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को अपने जीवन उतारने का आग्रह किया। वहीं महेश सिंह ने पंक्तियां सुनाते हुए कहा कि हरी घास की रोटी जद वन बिलावडो ले भाग्यो, नान्यो सो अमरयो चिख पडयो, राणा रो सोयो दु:ख जाग्यो। इस मौके पर भाजपा पूर्व मण्डल अध्यक्ष आलोक तिवाडी, पालिका प्रतिपक्ष नेता संजय शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम कुमावत, महेश सहाय शर्मा, एडवोकेट निशान्त शर्मा, पूर्व पालिका अध्यक्ष मनोज आहूजा, रतन राजोरा, मंगल कुमावत, किशन प्रकाश गगरानी, सुमित्रा नाथावत, भाजपा उपाध्यक्ष मनीष गगरानी, संजय वार्ष्णेय, यादराम जोशी, नकुल सिंह बडगुर्जर सहित सैकडों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चाकसू। कस्बे के निमोडिया रोड स्थित अपनत्व फ्यूचर जॉन एकेडमी स्कूल में महाराणा प्रताप जयंती बडे धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में शूरवीर महाराणा प्रताप के जीवन से संबंधित वीरगाथाओं का विस्तार से वर्णन किया गया। शिक्षक धर्मेंद्र जांगिड ने बताया कि महाराणा प्रताप भारत के सर्वप्रथम स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप वीरता और दृढ प्रण के लिए विश्व प्रसिद्ध है। स्कूल के प्रबंधक भवानी सिंह चौहान ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। स्कूल के डायरेक्टर सुरज्ञान सिंह बडोदिया ने कहा कि बच्चों को महाराणा प्रताप की तरह शक्तिशाली,शूरवीर और दृढ संकल्प होना चाहिए जिन्होंने कभी किसी के आगे सर नहीं झुकाया और न ही हार मानी।

मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य सहित अन्य चिकित्सा सेवाओं के सुदृढीकरण की दृष्टि से टोंक जिले में गुरुवार को विशेष निरीक्षण एवं जागरूकता अभियान संचालित किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देश पर चिकित्सा संस्थानों में उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण, मौसमी बीमारियों, लू-तापघात व गर्मी जनित बीमारियों के प्रबंधन संबंधी तैयारियों का सघन निरीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार यादव ने बताया कि गुरुवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस एवं मातृ शिशु स्वास्थ्य पोषण दिवस एक साथ हैं। इस अवसर पर निदेषालय चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के राज्य नोडल अधिकारी इम्युनाइजेषन डॉ. देवेंद्र सोंधी ने स्वास्थ्य केंद्र पीपलू, चांदसेन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा आंगनबाडी केंद्र द्वितीय का आकस्मिक निरीक्षण किया। साथ ही, मातृ स्वास्थ्य एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर आमजन को जागरूक भी किया गया।

वनस्थली विद्यापीठ का दो दिवसीय वार्षिक डिजाइन शो केस संपन्न

वनस्थली, (निसं)। वनस्थली विद्यापीठ की ओर से दो दिवसीय वार्षिक डिजाइन शो केस 2024 का आयोजन राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश लखनऊ में अकादमी में किया गया जिसमें फैशन टेक्सटाइल, कम्यूनिकेशन, आर्किटेक्चर और विजुअल आर्ट की छात्राओं के विभिन्न कलात्मक कार्य को प्रदर्शित किया गया।

वार्षिक डिजाइन प्रदर्शनी 2024 का आयोजन वनस्थली विद्यापीठ राजस्थान के डिजाइन विभाग और स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग एंड विजुअल आर्ट्स द्वारा किया गया। इस वर्ष की प्रदर्शनी रचनात्मकता, नवीनता और छात्रों के काम की कलात्मक उत्कृष्टता का एक जीवंत उत्सव बनाने के लिए तैयार है। प्रदर्शनी में टेक्सटाइल डिजाइन, फैशन और लाइफ स्टाइल डिजाइन, औद्योगिक डिजाइन, संचार डिजाइन, वास्तुकला, कला व योजना सहित विभिन्न विषयों में छात्रों के काम की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गई। इस कार्यक्रम मे छात्रों के नवीनतम कार्यों को प्रस्तुत करने सहित साथी डिजाइनरों, उत्साही लोगों, उद्योग के पेशेवरों और शिक्षाविदों और कलाकारों के साथ जुडने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। वनस्थली विद्यापीठ ने राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश में शानदार डिजाइन प्रदर्शनी का आयोजन किया। डिजाइन शोकेस 2024 एक व्यापक अनुभव होने का वादा करता है, जो अपने फैशन और लाइफ स्टाइल डिजाइन, औद्योगिक डिजाइन, संचार डिजाइन, वास्तुकला और दृश्य कला के छात्रों के नवीन दिमाग और कलात्मक कौशल की एक झलक पेश करता है। लुभावनी वास्तुशिल्प डिजाइन से लेकर अत्याधुनिक फैशन संग्रह तक, आगंतुक रचनात्मक अभिव्यक्तियों की एक विविध श्रृंखला देखेंगे जो परंपराओं को चुनौती देते हैं। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य उद्योग और शिक्षा जगत के बीच संबंधों को बढावा देना, छात्रों के विकास को बढ़ाना और उन्हें उनके भविष्य के पेशेवर करियर के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स लखनऊ चैप्टर के अध्यक्ष व शिक्षाविद् अस्मा हुसैन, प्रख्यात वास्तुकार संदीपकुमार सारस्वत, राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश के निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला ने किया।

सुंदरकांड पाठ व मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन

श्रीमाधोपुर, (निसं)। भगवान् श्री परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजन की श्रृंखला में गुरुवार दोपहर में गौड विप्र परिषद् भवन में स्थित परशुराम सभागार में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस संबंध में शीला चूलेट और विजयलक्ष्मी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में ऊर्जा खांडल प्रथम, आराध्या शर्मा द्वितीय तथा मान्यता शर्मा तृतीय रहीं। इसी प्रकार वरिष्ठ वर्ग में मनीषा चूलेट प्रथम, निशा शर्मा द्वितीय तथा रिद्धि शर्मा तृतीय रही। इस अवसर पर पूनम शर्मा, सीता शर्मा, दीपिका शर्मा, प्रीति शर्मा, गरिमा चूलेट आदि उपस्थित थीं। इसके अलावा सायंकाल संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। इस संबंध में मोतीलाल महर्षि और नरेश भिण्डा ने बताया कि पाठ में शहर की सभी मंडलियों ने विशंभर लाल पारीक के निर्देशन में सुंदर आयोजन किया। अक्षय तृतीया के दिन आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में समिति के राजेंद्र शर्मा एडवोकेट ने बताया कि प्रात: 5 बजे से नगर के प्रमुख मार्गो पर प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा, इसके बाद प्रात: 10 बजे तीजावाला जोहडा में स्थित भगवान् श्री परशुराम की मूर्ति का पूजन अर्चन होगा। जन्मोत्सव समिति के जितेंद्र शर्मा एलबीएस ने बताया कि शाम 4 लवाजमे के साथ भगवान् परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा के मार्ग पर तोरण द्वार लगाए गए हैं। मार्ग में जगह-जगह पर शीतल जल समेत ठंडे पेय पदार्थ की व्यवस्था रहेगी। शाम 7:30 बजे आरती के पश्चात् शोभायात्रा का समापन होगा।

कलेक्टर ने टपूकड़ा एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण किया, कार्मिकों में मची खलबली

खैरथल, (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला खैरथल से भिवाडी जाते वक्त रास्ते में टपूकडा एसडीएम कार्यालय पर रूकी और निरीक्षण किया। कलेक्टर के अचानक कार्यालय पहुंचने पर कर्मचारियों में खलबली मच गई। इसके उपरांत कलेक्टर भिवाडी रीको गेस्ट हाउस के सभागार में आयोजित प्रबोधन समिति की बैठक में पहुंची।

सुबह 10:30 बजे एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण करते हुए जिला कलेक्टर ने ड्यूटी पर उपस्थित नहीं पाए गए एक कार्मिक को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। राजस्व शाखा, कोर्ट शाखा सहित अन्य शाखाओं का निरीक्षण कर रिकॉर्ड व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। पत्रावलीयों की जांच की लंबे समय से लंबित प्रकरणों का जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने एसडीएम कोर्ट में लंबित 5 साल से अधिक समय की फाइलों को चेक कर एसडीएम को पेंडेंसी कम करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यालय संचालन मानक प्रक्रिया के अनुसार निर्धारित रजिस्टर व्यवस्था की जांच की पाई गई कमियों को निश्चित समय अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत जिला कलेक्टर रीको गेस्ट हाउस सभागार में प्रबोधन समिति की बैठक लेने पहुंची। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर भिवाडी अश्विन के पंवार, क्षेत्रीय अधिकारी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड अमित शर्मा, रीको प्रथम एवं द्वितीय यूनिट के प्रबंधक, पानी, बिजली व नगर परिषद भिवाडी सहित एसपीवी के अध्यक्ष व सदस्य मौजूद रहे।

बैठक में जिला कलेक्टर ने भिवाडी के औद्योगिक क्षेत्र से निकले वाले प्रदूषित पानी को उपचारित करने हेतु स्थापित सीईटीपी के संचालन की समीक्षा की। एसपीवी एवं त्रिवेणी को वरिष्ठ प्रबंधक रीको यूनिट प्रथम को पाइपलाइन चौक होने के कारण जिन औद्योगिक इकाइयों में उपचारित पानी नहीं पहुंच पा रहा है उनको आगामी तीन दिवस में ठीक करने के निर्देश दिए हैं। महाप्रबंधक औद्योगिक विभाग भिवाडी को औद्योगिक इकाइयों से निकले प्रदूषित पानी को टैंकरों के माध्यम से खुले नालों में छोडने वालों पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध तरीके से खुले नालों में प्रदूषित पानी छोडने वालों पर अंकुश लगाने हेतु कंट्रोल रूम स्थापित कर कंट्रोल रूम के नंबर सार्वजनिक करने के निर्देश दिए। एसपीवी कमेटी की ओर से औद्योगिक क्षेत्र कहरानी व चोपानकी की रखी गई समस्या पर जिला कलेक्टर ने क्षेत्रीय अधिकारी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड को व्यक्तिगत रूप से क्षेत्र में प्रस्तावित सीईटीपी प्लांट प्रोटोस के फॉलोअप लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ततारपुर गांव से निकल रहे हाईवे पर भरे गंदे पानी के निदान को लेकर अधिकारियों को हाईवे के साइड में स्थित नालियों की सफाई कराने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने एसडीएम कोर्ट में लंबित 5 साल से अधिक समय की फाइलों को चेक कर पेंडेंसी कम के निर्देश दिए।

- एक कार्मिक नदारद मिलने पर नोटिस जारी करने के निर्देश

आपसी समन्वय स्थापित करते हुए पूर्ण क्षमता के साथ संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीईटीपी के आरओ प्लांट आउटलेट पर क्षमता से कम उपचारित पानी आने के कारणो को जानते हुए पूर्ण क्षमता से संचालित कर औद्योगिक इकाइयों को पुन: उपयोग के लिए आरओ पानी उपलब्ध कराने के साथ ही ऐसा न करने पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग को भी गत तीन-चार माह में बिजली बिल के आधार पर सीईटीपी के संचालन की जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने क्षेत्रीय अधिकारी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड को शेष औद्योगिक इकाइयों में फ्लो मीटर लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने एसपीवी को स्काडा मीटर में 9 पीएच से अधिक का प्रदूषित पानी देने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने

सार-समाचार

न्यायाधीश समर्थलाल ने पद संभाला

कोटपूतली, (निसं)। स्थानीय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्र.सं. 01 समर्थलाल मीणा ने गुरूवार को पदभार ग्रहण कर लिया। इस मौके पर अधिवक्ताओं ने बार एशोसिएशन अध्यक्ष एड. दयाराम गुर्जर के नेतृत्व में उनका माला पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान उपाध्यक्ष सुशील कुमार यादव, हेमंत कुमार शर्मा, चेतराम रावत, रामकिशन शर्मा, मुकेश चनेजा, राजाराम कसाना, महेश सराधना, मनोज व सत्यवीर पायला सहित न्यायिक कर्मचारी मौजूद रहे।

दाने-पानी की व्यवस्था की

टोंक, (निसं)। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ने भीषण गर्मी के मध्य नजर सभी गांव, कस्बों में पशु-पक्षियों के लिए चारा, दाना-पानी की व्यवस्था किये जाने के संबंध में निर्देश दिए है। इसी के तहत गुरुवार को जिला परिषद टोंक में जिला प्रमुख सरोज बंसल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिष्ठा पिलानिया, एसीईओ ललित कुमार, अधीक्षण अभियंता बीएस मीना, मनरेगा लोकपाल पीसी जैन, वरिष्ठ लेखाधिकारी नंद किशोर बैरवा तथा जिला परिषद के समस्त स्टाफ ने पक्षियों के पानी पीने के लिये जिला परिषद परिसर में परिंडें रखवाये तथा परिषद की छत पर चुग्गा डाला गया। इस अवसर पर जिला प्रमुख एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने समस्त स्टॉफ को कहा कि जिस प्रकार से हम खाने पीने का ध्यान रखते हैं उसी प्रकार हमें बेजुबान पक्षियों का भी ध्यान रखना है तथा प्रतिदिन इनके लिए दाने-पानी की व्यवस्था करनी है।

बाल विवाह के सहयोगियों पर होगी कानूनी कार्यवाही : एसडीएम

टोंक, (निसं)। बाल विवाह जैसी कुप्रथा की रोकथाम के लिए अक्षय तृतीया (आखातीज), पीपल पूर्णिमा जैसे पर्वों व अन्य सावों पर विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह के आयोजन की संभावना रहती है। जिसकी रोकथाम के लिए उपखंड अधिकारी टोंक राहुल सैनी ने पुलिस उपाधीक्षक वृत, टोंक, तहसीलदार, विकास अधिकारी, आयुक्त नगर परिषद टोंक समेत अन्य संबंधित अधिकारियों को बाल विवाह होने की सूचना पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। उपखंड अधिकारी सैनी ने बताया कि यदि कोई भी हलवाई, बैंड बाजा वाला, पंडित, बाराती, टेंट वाले एवं ट्रांसपोर्ट बाल विवाह में सहयोग या कार्य करेंगे तो उन पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही, विवाह के लिए छपने वाले निमंत्रण पत्र में वर-वधु के लिए आयु प्रमाण प्रिटिंग प्रेस वालों के पास रहें अथवा निमंत्रण पत्र पर वर-वधु की जन्म तारीख प्रिंट की जानी अनिवार्य होगी। पंचायती राज नियम 1996 में बाल विवाह रोकने का दायित्व सरपंच पर है। अक्षय तृतीया एवं पीपल पूर्णिमा के अवसर पर होने वाले बाल विवाहों की रोकथाम एवं इस संबंध में सूचना देने के लिए कार्यालय तहसीलदार टोंक में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

ए.डी.एम. ने भवनों की स्थिति जांची

दूदू, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर गोपाल परिहार ने गुरुवार को जिले के पटवार मण्डल सावरदा, गाडोता, बोराज, झरना में पटवार कार्यालयों एवं भू अभिलेख निरीक्षक कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर कार्यालय भवनों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने उक्त स्थानों पर स्थित पटवार भवनों की स्थिति का अवलोकन किया तथा संबंधित पटवारियों व भू अभिलेख निरीक्षकों से उनके बैठने के स्थान, मुख्यालय पर उपस्थिति, पटवार कार्यालयों पर नोटिस बोर्ड पर आवश्यक सूचनाओं को प्रदर्शित करने के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित पटवारियों को मुख्यालय पर उपस्थित रहने, कार्यालयों पर नाम अंकित कराने, नोटिस बोर्ड पर अपनी उपस्थिति एवं मोबाइल नंबर की जानकारी आमजन व काश्तकारों को देने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी भू अभिलेख निरीक्षकों को उनके संबंधित सर्किल पर उपस्थित रहने, पटवार कार्यालयों का नियमित रूप से पर्यवेक्षण करने के लिए निर्देशित किया।

116 दुकानदारों को नोटिस दिये

नारायणपुर (निसं)। कस्बे के मुख्य बाजार में हो रहे स्थाई अस्थाई अतिक्रमण को हटाने के लिए गुरुवार को ग्राम पंचायत सरपंच मन्नी देवी ने दुकानदारों को नोटिस दिया हैं। ग्राम विकास अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि 2 मई को दुकानदारों द्वारा कस्बे में हो रहे कच्चे पक्के अतिक्रमण को हटाने के लिए नारायणपुर उपखंड अधिकारी को लिखित ज्ञापन दिया गया था। ज्ञापन में बताया गया कि मुख्य सडक (52) पर नाले से बाहर सडक पर दुकानदारों द्वारा टेबल, मेज, टीनसैड, सामान, साइन बोर्ड, रेहडी ठेली, खोखा आदि लगाकर अतिक्रमण किया गया हैं। जिससे आमजन को आवागमन में असुविधा होने के साथ ही यातायात बाधित होता हैं और दुर्घटना की संभावना बनी रहती हैं। अस्थाई अतिक्रमण हटाने के लिए ग्राम पंचायत सरपंच मन्नी देवी ने गुरुवार को 116 दुकानदारों को नोटिस दिया है। शुक्रवार को बचे हुए दुकानदारों को ग्राम पंचायत द्वारा नोटिस दिया जायेंगा। सरपंच मन्नी देवी ने बताया कि नाले से बाहर स्थाई अस्थाई अतिक्रमण को 3 दिन में नही हटाया तो प्रशासन द्वारा हटाने की कार्रवाई की जायेंगी।

दो सड़क हादसों में आधा दर्जन घायल

मालपुरा, (निसं)। अजमेर किशनगढ स्टेट हाईवे व दूदू छाण स्टेट हाईवे पर गुरूवार को हुये अलग-अलग सडक हादसों में आधा दर्जन महिला - पुरूष घायल हो गये। टोडारोड कृपाल भैरू के पास बाईक फिसलने से एक महिला-पुरूष घायल हो गये तो अजमेर सडक मार्ग पर बागडी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार लाम्बाहरिसिंह निवासी सचिन, सरलाल, प्रियंका, बन्ना, घायल हो गये। हादसे की सूचना पर 108 एम्बूलेंस के साथ पहुंचे पायलट बनवारी लाल मीणा व ईएमटी संजय व्यास ने घायल को मौके पर प्राथमिक उपचार दे तत्काल राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मालपुरा में उपचार के लिये भर्ती करवाया।

बुस्टर जप्त कर काटे अवैध कनेक्शन

मालपुरा, (निसं)। जलदाय विभाग द्वारा अवैध नल कनेक्शनों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरूवार को कनिष्ठ अभियंता हंसा चौधरी के नेतृत्व मे गठित टीम ने चांदसेन पंचायत की कुमावतो की ढाणी मे कार्यवाही कर अवैध नल कनेक्शनों के साथ-साथ अवैध रूप से लाईन मे सीधा बुस्टर लगा पानी का दोहन करते पाये जाने पर मौके से दो बुस्टर जप्ती की कार्यवाही की गई। कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं की बिल राशि बकाया चल रही है वो उपभोक्ता 31 मई तक एक मुश्त राशि जमा करवाने पर छुट का लाभ ले सकता है। वही टीम ने बकाया बिल धारक उपभोक्ता को 31 मई तक बकाया राशि जमा करवाने के लिये नोटिस थमाया गया।

ई-मित्र संचालक एक लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर, (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय की विशेष अनुसंधान टीम (एस.आई.यू.) जयपुर ने गुरुवार को कार्यालय ग्राम पंचायत लसाडिया पंचायत समिति फागी जिला जयपुर के ई-मित्र संचालक विश्राम गुर्जर को परिवादी से एक लाख रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि एसीबी की विशेष अनुसंधान इकाई (एस.आई.यू.) जयपुर को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके पिता की मृत्यु होने पर श्रमिक डायरी के आधार पर श्रम विभाग से क्लेम पास करवाने की एवज में ई-मित्र संचालक विश्राम गुर्जर की ओर से एक लाख रुपये की रिश्वत राशि की मांग कर रहा है। एसीबी की विशेष अनुसंधान टीम (एस.आई.यू.) जयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप सारस्वत के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए ई-मित्र संचालक विश्राम गुर्जर को एक लाख रुपये (तीस हजार रुपये भारतीय मुद्रा एवं सत्तर हजार रुपये डमी करेंसी) रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है।